# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली--

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-30.05.2025**

थाना झिंझाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये महिला के साथ दुष्कर्म करने की घटना में लिप्त 04 वांछित अभियुक्तगणो को पुलिस मुठभेड में आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में घायल/गिरफ्तार किया गया, अभियुक्तगण के कब्जे से अवैध हथियार,कारतूस व मोटरसाइकिल बरामदः-

ज्ञात हो कि दिनांक 29.05.2025 को एक युवती द्वारा अपने साथ दुष्कर्म किये जाने के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सूचना अंकित करायी गयी थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना के अनावरण हेतु 04 टीमों का गठन कर अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में दिनांक 29.05.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम द्वारा चलाये जा रहे बलात्कर/लूट/रंगदारी/अपहरण की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत दुष्कर्म की घटना में संलिप्त वांछित अभियुक्तगण को चौकिंग के दौरान ऊन से झिंझाना की तरफ टाइल्स फैक्ट्री के पास हुई पुलिस मुठभेड में आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में 04 अभियुक्तगणो को घायल/गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगणो के कब्जे से अलग - अलग 03 तमंचे 315 बोर मय 03 खोखा व 03 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 अदद चाकू व दो मोटरसाइकिल बरामद हुई है। घायल अभियुक्तगण को उपचार हेतु सीएचसी ऊन भेजा गया है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगणो के आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में अलग से जानकारी की जा रही है।

नाम व पता अभियुक्तगणः-

1.खलील पुत्र नवाब निवासी मोहल्ला श्यामुद्दीनपुर कस्बा हापुड थाना हापुड़ जनपद हापुड। (घायल)
2.विपिन पुत्र राकेश निवासी मोहल्ला बिच पटिया कस्बा खरखौदा थाना खरखौदा जनपद मेरठ। (घायल)
3.इजराइल पुत्र मुस्तफा निवासी आलमपुर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर। (घायल)
4.रवि पुत्र ओमवीर निवासी ग्राम रज्जाकनगर थाना झिंझाना जनपद शामली। (गिरफ्तार)

बरामदगी का विवरणः-

1.अवैध 03 तमंचे 315 बोर मय 03 खोखा व 03 जिंदा कारतूस 315 बोर।
2.अवैध 01 चाकू।
2.दो मोटर साईकिल बिना नम्बर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.प्र0नि0 श्री जितेन्द कुमार सिंह थाना झिंझाना जनपद शामली।
2.उ0नि0 श्री अजयपाल सिंह थाना झिंझाना जनपद शामली।
3.उ0नि0 चन्द्रशेखर थाना झिंझाना जनपद शामली।
4.है0का0 अमित सांगवान थाना झिंझाना जनपद शामली।
5.है0का0 प्रदीप कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।
6.का0 सुरेन्द्र कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।
7.का0 सुमित कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।
8.का0 शान्तनु थाना झिंझाना जनपद शामली।
9.का0 शिवम शौरान थाना झिंझाना जनपद शामली।



थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 200 ग्राम चरस बरामद।

आज दिनांक 30.05.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 200 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.मेहरान पुत्र अब्बास निवासी ग्राम गढी दौलत थाना कांधला जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.अवैध 200 ग्राम चरस।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री विक्रम सिंह थाना कांधला जनपद शामली।

2.है0का0 धीरेन्द्र कुमार थाना कांधला जनपद शामली।

3.का0 अंकित चौधरी थाना कांधला जनपद शामली।

4.का0 पुष्पेन्द्र कुमार थाना कांधला जनपद शामली।



थाना कैराना पुलिस द्वारा नाबालिग से छेड़छाड़ करने व मारपीट करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-

ज्ञात हो कि दिनांक 29.05.2025 को थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग के साथ छेडछाड करने व उसके साथ मारपीट करने की घटना घटित हुई थी। उपरोक्त घटना के सम्बन्ध पीड़िता द्वारा तहरीर दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा थाना कैराना पुलिस को अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।

आज दिनांक 30.05.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा नाबालिग से छेड़छाड़ व मारपीट करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

नाम व पता अभियुक्तः-
1.अमित पुत्र मांगी निवासी ग्राम जंधेडी थाना कैराना जनपद शामली।
गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-
1.उ0नि0 श्री दुर्गपाल थाना कैराना जनपद शामली।
2.है0का0 अनिल कुमार थाना कैराना जनपद शामली।
3.का0 मोनू थाना कैराना जनपद शामली।

